नव भारत
1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

# घाना में गूंजा वंदे मातरम्

- आईसीसीआर छात्रवृत्तियों को करेंगे दोगुना : मोदी
- भारत-घाना संबंध पहुंचे नई ऊंचाई पर

**21** तोपों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गई सलामी | **24** देशों से अब तक पीएम मोदी को मिल चुके हैं सर्वोच्च सम्मान | **15** हजार भारतीय मूल के लोग रहते हैं घाना में



**अक्करा/नई दिल्ली, 3 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना पहुंचे. मोदी के अक्करा स्थित कोटोका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने स्वयं उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. मोदी को 21 तोपों की सलामी दी गई, तीन दशकों के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना की यात्रा की है. इसके बाद मोदी होटल में पहुंचे, वहां भारतीय समुदाय ने भी मोदी का स्वागत किया.**

वहां 'मोदी-मोदी' और 'वंदे मातरम' के नारों से वातावरण गूंज उठा. बच्चों ने 'हरे राम-हरे कृष्ण' के भजन गाए. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से नवाजा गया.

मोदी ने घोषणा की कि द्विपक्षीय व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है. भारत की ओर से घाना को यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली, कौशल विकास केंद्र, जन औषधि केंद्र, और वैक्सीन उत्पादन में सहयोग जैसी योजनाओं की पेशकश की गई. भारत ने घाना के लिए आईटीईसी और आईसीसीआर छात्रवृत्तियों को दोगुना करने का भी निर्णय लिया. दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, समुद्री सहयोग और खनिज खोज में भी रणनीतिक भागीदारी की सहमति जताई. भारत ने घाना को ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया.

प्रधानमंत्री मोदी ने घाना को भारत का घनिष्ठ मित्र बताते हुए राष्ट्रपति महामा को भारत यात्रा का निमंत्रण भी दिया. पीएम मोदी को अब तक 24 देशों से सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं, जो किसी भी भारतीय नेता के लिए रिकॉर्ड है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की राजधानी अक्रा में क्वामे एनक्रूमा मेमोरियल पार्क का दौरा किया और घाना के संस्थापक राष्ट्रपति डॉ. क्वामे एनक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित की. घाना में लगभग 15,000 भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जिनमें कई परिवार चार पीढ़ियों से वहीं बसे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घाना की दो दिन की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर गुरुवार को यहां से कैरेबियाई क्षेत्र के देश त्रिनिदाद एवं टोबैगो के लिए प्रस्थान किया.

> मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं. मोदी ने इसे 'भारत के लिए गर्व का क्षण' बताया और घाना सरकार का आभार जताया. प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति महामा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में भारत-घाना संबंधों को 'सामरिक साझेदारी' का दर्जा देने का निर्णय लिया गया.

## एक नजर में



### 9 दिनों में वकील से 3.29 करोड़ की साइबर ठगी

**नोएडा.** उत्तर प्रदेश में नोएडा के गौतम बुद्ध नगर में 72 साल की एक वकील काफी बड़ी साइबर ठगी का शिकार हो गई. साइबर ठगों ने उन्हें कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर उनसे 3.29 करोड़ रुपये लूट लिए. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी है. शहर की एक वरिष्ठ महिला वकील से साइबर ठगों ने केंद्रीय एजेंसी की फर्जी जांच का हवाला देकर 3 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की ठगी कर ली. ठगों ने खुद को केंद्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर वकील को भरोसे में लिया था.

### अजमेर दरगाह में बारिश से गिरी दीवार

**अजमेर.** लगातार हो रही भारी बारिश के बीच बीते दिनों अजमेर स्थित प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में बड़ा हादसा टल गया. तेज बारिश के दौरान दरगाह परिसर के एक पुराने हजरे की पत्थर की दीवार और छत का हिस्सा अचानक गिर गया. गनीमत रही कि उस समय वहां कोई वहां मौजूद नहीं था, वरना एक बड़ी दुर्घटना हो जाती. दरगाह के वरिष्ठ खुद्दाम सैयद मेहराज चिश्ती ने घटना के लिए दरगाह कमेटी की लापरवाही को जिम्मेदार बताया.

### सेना से मुठभेड़ में एक आतंकी घायल

**नयी दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है. कुछाल-छातरू इलाके में छिपे आतंकवादियों को ढूंढने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है. मुठभेड़ में एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है. सुरक्षा बलों के लिए अमरनाथ और मचैल यात्रा के मद्देनजर आतंकवादियों को पकड़ना आवश्यक है. जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के जंगली इलाके में छिपे दो से तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गुरुवार को भी तलाशी अभियान चलाया गया.

### बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां

**भुवनेश्वर.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 10वीं कक्षा की एक छात्रा की बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रसव होने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है. मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उड़ीसा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अखंड की ओर से दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए, एनएचआरसी ने जाजपुर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है.

## तीनों भारतीयों को रिहा कराओ : भारत सरकार

**नई दिल्ली/बामाको.** अफ्रीकी देश माली में तीन भारतीय नागरिकों का अपहरण कर लिया गया है. यह घटना माली के कायस शहर स्थित डायमंड सीमेंट फैक्ट्री में हुई, जहां एक जुलाई को हथियारबंद आतंकियों ने हमला कर तीनों भारतीयों को बंधक बना लिया. भारत सरकार ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है और माली सरकार से तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की मांग की है. हालांकि, अब तक किसी आतंकवादी संगठन ने इस अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है.

## गडकरी ने झारखंड के रेहला फोरलेन का किया उद्घाटन


**रांची, 03 जुलाई. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज झारखंड के गढ़वा पहुंचकर रेहला फोरलेन का उद्घाटन किया. इसके साथ ही गडकरी ने 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया. नितिन गडकरी ने गढ़वा के लोगों को कुल 2460 करोड़ की सौगात दी.**

इस मौके पर राज्य सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद विष्णु दयाल राम सहित कई नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे.



इससे पहले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी का स्वागत किया. गडकरी रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से से ही हेलीकॉप्टर से गढ़वा गये . इसके बाद श्री गडकरी गढ़वा में रेहला फोर लेन रोड का उद्घाटन करने के बाद रांची लौटे.

> गढ़वा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 43 पथ जिसकी कुल लंबाई 32.370 किलोमीटर है और इसमें 1325.80 करोड़ की लागत लगी है. वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पथ की लंबाई 22.730 किलोमीटर है और इसकी लागत 1129.48 करोड़ की है. इन सड़कों की कुल 55.100 किमी है जिसकी कुल लागत लागत 2455.28 करोड़ की है.




लग्जरी ब्रांड्स पर भारतीय जूतों की नकल करने का आरोप

## 94234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सीएम आज देंगे 235 करोड़

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे. इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है.**

भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिला मुख्यालयों में भी कार्यक्रम होगा. इन कार्यक्रमों में मंत्रिगण, जिला पंचायत अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे. स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये



उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे. कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे. प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी. प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है. पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है.

## स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए करों में हो बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मोटापा, कैंसर और मधुमेह के बढ़ते मामलों को देखते हुए वर्ष 2035 तक मीठे पेय पदार्थों तंबाकू, शराब और पर करों में कम से कम 50 प्रतिशत वृद्धि करने का आग्रह किया है.**

डब्ल्यूएचओ ने इन तीनों बीमारियों के उपचार पर आने भारी भरकम खर्च को देखते हुए कराधान संबंधी अपनी महत्वाकांक्षी 3 बाय 35 पहल का गुरुवार को अनावरण किया. यह पहल लोगों को इन पदार्थों के सेवन से हतोत्साहित करने के लिए है ताकि इनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी होने से लोग इन्हें खरीदने से परहेज करें. यह पहल गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह के बढ़ते वैश्विक बोझ को देखते हुए की गई है. दुनिया भर में होने वाली सभी मौतों में से इन तीनों बीमारियों से 75 प्रतिशत से अधिक मौतें होती हैं. डब्ल्यूएचओ के सहायक महानिदेशक (स्वास्थ्य संवर्धन ,रोग निवारण और नियंत्रण) डॉ. जेरेमी फर्रार ने यहां एक बयान में कहा, स्वास्थ्य कर हमारे पास सबसे बेहतर उपायों में से एक है क्योंकि मीठे पेय पदार्थों, तंबाकू,शराब पर लगाए गए करों में बढ़ोत्तरी से स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहे ऐसे उत्पादों की

## तकनीकी खराबी से वियना में रुकी एयर इंडिया की फ्लाइट

**नयी दिल्ली/वियना. दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई103 को तकनीकी खराबी के कारण वियना में रोककर रद्द कर दिया गया. विमान 2 जुलाई को उड़ान पर था और वियना में ईंधन भरने के दौरान इसमें खराबी सामने आई. इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारकर वैकल्पिक इंतजाम किए गए.**

एयर इंडिया के अनुसार, जांच में सामने आया कि खराबी को ठीक करने में समय लगेगा. इसलिए यात्रियों की सुरक्षा को



ध्यान में रखते हुए फ्लाइट को आगे वॉशिंगटन नहीं भेजा गया. जिन यात्रियों के पास वियना का वीजा था, उन्हें होटल में ठहराया गया. बाकी यात्रियों को ऑस्ट्रियाई अधिकारियों की मंजूरी मिलने तक एयरपोर्ट पर ठहराया गया. इस घटना के चलते वॉशिंगटन से दिल्ली आने वाली वापसी फ्लाइट एआई104 भी रद्द कर दी गई.

## बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और हथियार जब्त, पांच गिरफ्तार

**जालंधर, 03 जुलाई.** पंजाब में जालंधर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 5 किलो 314 ग्राम हेरोइन, दो किलोग्राम अफीम, एक देशी पिस्तौल (.32 बोर) और छह कारतूस बरामद किये हैं. पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने गुरुवार को बताया कि एक जुलाई को क्राइम ब्रांच की एक टीम दशमेश नगर जाने वाले रास्ते पर नखा वाला बाग चौक के पास तैनात थी.


**बैठक** | तीनों सेना अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों तथा उपकरणों से होगी लैस

# एक लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नयी दिल्ली 03 जुलाई. रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेनाओं को अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों तथा उपकरणों और रक्षा साजो सामान से लैस करने के लिए एक लाख पांच हजार करोड़ रुपये के दस रक्षा सौदों को मंजूरी दी है.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इससे संबंधित प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी.

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय-स्वदेशी



रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत स्वदेशी रक्षा उद्योग से की जायेगी.

इनमें सेना के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद शामिल है. इससे देश की वायु रक्षा प्रणाली मजबूत होगी , आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन बेहतर बनेगा और सशस्त्र बलों की संचालन तैयारी मजबूत होंगी. इसके अलावा नौसेना के लिए समुद्री बारूदी सुरंग , बारूदी सुरंग रोधी नौका , मिसाइल रोधी तोप प्रणाली और समुद्री क्षेत्र के लिए रोबोट के खरीद प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी है. इस खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित जोखिमों को कम करने की क्षमता बढेगी.

